# EGG Raised Health Awareness among Girl Students

काशीपुर, रविवार 2 फरवरी 2020

## एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली ने बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

### माहवारी के दौरान सावधानी एवं एहतियात बरतने की दी सलाह

**काशीपुर एक्सप्रेस, काशीपुर**

काशीपुर। एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली (ईजीजी) संस्था के तत्वावधान में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज महुआखेड़ागंज में गठित बालिका संसद की छात्राओं द्वारा विद्यालय की बालिकाओं एवं किशोरियों को पर्सनल हाइजीन विषय के संबंध में जानकारी दी गई। किशोरियों में खून की कमी के लक्षण और दूर करने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में किशोरियों को माहवारी के दौरान रखने वाली सावधानी एवं एहतियात की भी जानकारी दी गई। इसमें शरीर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। इस मौके पर उपस्थित किशोरियों ने स्वास्थ्य संबंधी सवाल भी पूछे। एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली संस्था की ब्लॉक कार्डिनेटर पूजा राणा ने बालिकाओं एवं किशोरियों को महावारी की जानकारी दी। किशोरियों को महावारी के दिनों होने वाली परेशानियों के बारे में भी अवगत करवाया गया। महावारी के दौरान पेट दर्द, पेडू का दर्द, चिड़चिड़ापन, भूख न लगना, एनिमिया की कमी के लक्षण के बारे में चर्चा की गई तथा इनके प्रति जागरूक किया गया।इस दौरान विद्यालय में सेनेट्री नेपकीन क्लब की स्थापना की गई। साथ ही प्राथमिक चिकित्सा के लिए उपचार बाक्स का निर्माण किया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य बबली यादव के अलावा समस्त स्टाफ एवं बालिका संसद की छात्राएं मौजूद रही।